तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 18.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, शुक्रवार, 27 दिसंबर 2024

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा



12 माओवाद प्रभावित क्षेत्र में विकास की पहुंच...





12 सांसद भोजराज नाग ने हरिभूमि भानुप्रतापपुर..




## खबर संक्षेप

### 5 दिवसीय शुभारंभ मैच में कलंगपुरी रहा विजेता



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकमोंदल के ग्राम डुवा में पांच दिवसयी क्रिकेट प्रतियोगिता का 26 दिसंबर को शुभारंभ हुआ और शुभारंभ मैच कलंगपुरी व तरहुल के मध्य खेला गया जिसमें तरहुल पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 100 रन बनाए, उसके जवाब में कलंगपुरी 7.4 ओवर में 101 रन बनाकर जीत हासिल किया। शुभारंभ के दौरान अतिथियों में डाले रामसाय बोगा, चरण सिंह दुग्गा, मुरहाराम दुग्गा, नारायण सिंह गावड़े, लालचंद दुग्गा मनोज सिंह हिड़को, ललित कुमार बोगा, देवल दुग्गा, मेहर राम दुग्गा, सोन सिंह सोरी, आशीष कुमार उइके, हेमन्त हिड़को, राजेश्वर दुग्गा मोहन बोगा, क्षेत्र एवं ग्रामवासी के साथ खिलाड़ी उपस्थित रहे।

### कॉलेज का प्रायोगिक परीक्षा कार्यक्रम जारी

**दुर्गुकोंदल।** कंगलू कुम्हार शासकीय महाविद्यालय में शिक्षा सत्र 2024-25 के अंतर्गत बीएससी, बीकॉम और बीए प्रथम सेमेस्टर के सभी नियमित एवं स्वाध्यायी (प्राइवेट) परीक्षार्थियों के लिए जुलाई-दिसंबर सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षाओं का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। 30 दिसंबर को रसायन शास्त्र, 03 जनवरी वनस्पति विज्ञान, 05 जनवरी जंतुविज्ञान की परीक्षा सुबह 9 बजे से होगी। प्रायोगिक मॉडल या असाइनमेंट एवं प्रायोगिक रिकॉर्ड साथ लाना अनिवार्य है।

हिमाकत : अफसरों ने कहा कि गेट खोलने वाले अज्ञात तत्वों पर दर्ज करवाई जाएगी एफआईआर

# हाराडुला में रेत माफियाओं ने चेकडेम का गेट खोले, गर्मी में जलसंकट को है न्योता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

हाराडुला से गुजरने वाली महानदी में चेक डेम बना हुआ है, जिसे जल संसाधन विभाग ने गेट को बंद कर दिया था, जिससे पानी भरने लगा था। ग्रामीणों और किसानों की मानें तो उपद्रवी तत्वों ने गेट को खोल दिया और गेट के कई सामानों को तोड़ दिया, यह शिकायत ग्रामीणों ने कलेक्टर से किया था, इसी के तहत जल संसाधन की संयुक्त टीम 2 दिन पहले निरीक्षण किया और यह पाया कि रेत निकालने वालों ने गेट के सामान को गायब कर दिया और गेट खोल दिया, जिससे डेम में पानी नहीं भर रहा है।

- नियमों को ताक में रखकर चल रही रेत खदानें, कार्रवाई की उठी माँग
- रेत खदान को 20 से 25 लाख में बेचने की गाँव गाँव में है चर्चा

हाराडुला के किसान एवं ग्रामीण राजेंद्र कुमार वाल्मीकि, पवन जुर्री, पूर्णानंद जुर्री, द्वारिका, राजेश कुमार, शिवराम, रामूराम, महेश, राधेश्याम साहू, महेंद्र कुमार, जयंती बाई, हेमन, पंकज व अन्य के हस्ताक्षर से आवेदन जल संसाधन विभाग चारामा और कलेक्टर को शिकायत किया गया था कि हाराडुला चेक डेम को गेट बंद करने की माँग किया था। पत्र में किसानों ने लिखा है कि ग्राम पंचायत हाराडुला से गुजरने वाली महानदी में चेकडेम बना हुआ है, जिसमें जल संसाधन विभाग द्वारा कुछ दिन पहले सभी गेट को बंद कर दिया गया था, जिससे डेम में पानी भरने लगा था। कुछ उपद्रवी तत्वों के द्वारा गेट को खोल दिया गया, जिसकी जानकारी जल संसाधन विभाग को दिया गया। उपद्रवी तत्वों ने गेट के कुछ सामान को भी गायब कर दिया है। ग्रामीणों ने माँग किया है कि गेट खोलने वाले और सामान गायब करने वालों के खिलाफ एफआईआर विभाग के द्वारा दर्ज करवाया जाए। एफआईआर दर्ज करवाने के साथ साथ चेकडेम के गेट को बंद किया जाए, जिससे गर्मी में निस्तार एवं किसानों को ग्रीष्मकालीन फसल लेने में परेशानी न हो।



### उपद्रवी तत्वों के खिलाफ होगी एफआईआर

जल संसाधन विभाग कांकेर के कार्यपालन अभियंता धमेंद्र मेश्राम ने बताया कि यह चेक डेम ई एंड एम रूद्वी के अधिकार क्षेत्र में आता है। हम लोगों ने शिकायत के बाद संयुक्त निरीक्षण किया है। यह पाया गया है कि डेम के सभी गेट बंद किए गए थे, परंतु डेम के कई गेट को कुछ लोगों ने खोल दिया है, जिसके कारण डेम में पानी नहीं रूक रहा है। डेम के गेट को तत्काल बंद करवाया जाएगा और इसके बाद भी फिर से खोला जाएगा तो उनके खिलाफ एफआईआर करवाया जाएगा।



### संचालन की जिम्मेदारी मिली

हाराडुला रेत खदान को लेकर यह जानकारी मिली कि राजेंद्र चला रहे है, इसके आधार पर उनके मोबाईल से संपर्क किया तो उनका कहना है कि पंचायत ने संचालन के लिए दिया है। उनसे यह जानना चाहा कि पंचायत ने आपको मानदेय में रखा है या क्या सिस्टम है, उसके बाद फोन कट गया, परंतु यह पता नहीं चल सका कि किस रूप में संचालन के लिए दिया गया। इस मामले में सरपंच के मोबाईल पर दो बार काल किया गया, परंतु संपर्क नहीं हो सका।

**रेत माफियाओं ने खोल दिया गेट**

हाराडुला के ग्रामीणों से इस विषय पर हरिभूमि ने बात किया तो कई ग्रामीण कैमरा के सामने बोलने से कतरा रहे थे, परंतु जब कैमरा बंद किया गया तो बोलने को तैयार हुए। उनका कहना था कि रेत निकालने में लगे माफियाओं ने ही रेत निकालने के लिए गेट को खोल दिया है। रेत माफियाओं के कारण गाँव की सभी सड़के जर्जर होते जा रही है। सरकार और प्रशासन को जाँच करके कार्यवाही करना चाहिए।

### जिला पंचायत व जनपद को करना चाहिए मानीटरिंग

चारामा विकासखंड के कई गांव के ग्रामीणों ने हरिभूमि से बात किया तो उनका कहना था कि चारामा में सभी रेत खदान सरपंच के द्वारा संचालित है, परंतु वहाँ पर खदानों को 20 से 25 लाख में किराए पर दे दिया गया है। किराए पर लेने वाले भिलाई, दुर्ग, धमतरी व अन्य जिले के लोग है और मनमानी ढंग से रेत को निकाल रहे है। जिला पंचायत व जनपद पंचायत के द्वारा आज तक यह जाँच नहीं किया गया कि रेत खदान पंचायत द्वारा किस ढंग से चलाया जा रहा है और किस तरह से अनियमितता बरती गई है। दोनो एजेंसियां जाँच करती तो सही तस्वीर सामने आएगी।

## कलेक्टोरेट के चपरासी एवं उसकी पत्नी की ने की दबंगई मकान तोड़ व जान से मारने की दी धमकी





हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

अलबेलापारा में शासकीय जमीन पर नवनिर्मित मकान को पड़ोस में रहने वाले कलेक्टोरेट के चपरासी व उसकी पत्नी ने दबंगई दिखाते हुए मकान को तोड़ दिया और जान से मारने की धमकी दिया।

पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने दबंगई दिखाने वाले पति व पत्नी पर मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। थाना में शिकायत करने पहुंची अलबेलापारा कांकेर निवासी राखी तिवारी पति मनीष तिवारी ने पुलिस को बताया कि कि विगत 15 वर्षो से कांकेर में निवास कर रही हूँ तथा अलबेलापारा पटेल कॉलोनी पर शासकीय भूमि पर एक कमरा ईट सीट का मकान निर्माण कर रही थी। उसी समय आरोपी अलबेलापारा निवासी मनहरण साहू एवं उनकी पत्नी मंजू साहू के द्वारा मेरे बनाए हुए पूरे मकान को तोड़ दिए। मकान को तोड़ने के बाद मुझे गाली देने लगे। आरोपी मनहरण साहू द्वारा बोला गया कि मैं कलेक्टर में चपरासी के पद पर कार्यरत हूं। मेरा कुछ भी नहीं बिगाड़ सकते। मकान को फिर से बनाने की कोशिश करोंगे तो मैं बनाने नहीं दूंगा कहते हुए जान से मारने की धमकी भी दिया। मेरे मकान को तोड़ने से मुझे लगभग 70 हजार रूपएं का आर्थिक नुकसान एवं मानसिक रूप से बहुत परेशान हो गई हूं। मकान तोड़ने वाली ने स्वंय सरकारी जमीन पर कब्जा करके कमरा बनाया है। उसका कहना है कि मैं जिसे चाहूँगी, वहीं यहाँ पर मकान बनाएगा। शिकायत पर राजस्व अमले की टीम जाँच पर गई थी और कार्यवाही करने नोटिस भी दिया गया है। मकान तोड़ने वालों ने कबूल किया है कि मैने मकान को तोड़ा है, उनको कानून को अपने हाथ में न लेकर अवैध ढंग से बन रहे मकान को तोड़ने के लिए तहसीलदार व एसडीएम को शिकायत करना था, परंतु दबंगई दिखाते हुए मकान को तोड़ दिया, इसी शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 351 (2), 324 (4), 3 (5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## होटल में चोरी के दो आरोपी पकड़ाए बाइक व नकदी जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर





हॉटल संचालक ने कोरर थाना में शिकायत दर्ज कराया था कि रात को कोई अज्ञात चोर हॉटल का ताला तोड़कर दुकान में रखे नगदी रकम चोरी कर ले गया है। शिकायत पर पुलस ने मामला दर्ज कर विवेचना में लिया। सीसीटीवी कैमरे की मदद से चोरी में संलिप्त दोनो चोर को पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली है। चारामा पुलिस ने मामले की तस्दीक करने के दौरान सीसीटीवी फुटैज मिलने पर चोर की पहचान होने पर पतासाजी किया गया और उनको धमतरी से हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ किया। आरोपी उत्तर प्रदेश के थाना अलीगढ़ अंतर्गत झुलनीपुर बरईपुर नंबर 2 बैटपुर निवासी 19 वर्षीय अब्दुल रसीद पिता मोहम्मद मुस्तफा हाल निवास धमतरी जिला के रामपुर वार्ड बिलई माता मंदिर के पीछे और धमतरी जिला के श्यामतराई निवासी 19 वर्षीय भीमराज उर्फ बंटी साहू पिता दुलमन साहू को पकड़ा गया। दोनो आरापेपियों ने ⏭ शेष पेज 10 पर



## पिकअप और टूरिस्ट बस में भिड़ंत, पर अनहोनी टली

**चारामा।** विकासखंड चारामा के ग्राम कंडेल के पास गुरूवार 26 दिसंबर को पिकप वाहन और टूरिस्ट बस की आमने सामने भिड़त हो गई। इस टक्कर में किसी को चोट नहीं आई, परंतु वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो बड़ा हादसा होते होते टल गया। जानकारी के अनुसार कवर्धा से स्कूल बस जिसमें 30 बच्चे सवार थे, जो बस्तर भ्रमण के लिए निकले थे, वहीं पिकप चारामा की ओर से जा रही थी। दोनो वाहनों में 26 दिसंबर को आमने सामने भिड़त हो गई। बस में सवार बच्चे डर गए और दहशत में आ गए, परंतु किसी को चोट नहीं आई। टक्कर से बस पलट जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था। इस दुर्घटना में दोनो वाहन में सवार किसी को चोट नहीं आई है, केवल वाहन क्षतिग्रस ⏭ शेष पेज 10 पर

मॉडिफाइड साइलेंसर से गोली की तरह निकलती है

# शहर में मोडिफाइड साइलेसर का आतंक भीड़ भरे इलाकों में भी दौड़ाते हैं गाडियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

बाइक चलाने का ट्रेंड शहर में बढ़ता जा रहा है। बुलेट सहित अन्य कंपनियों की हैवी बाइक्स में मॉडिफाइड साइलेंसर लगवाना तो मानों जैसे फैशन बनता जा रहा है। बाइक के शौकीन मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर भीड़ भरे इलाकों में गाडियां दौड़ाते हैं और उससे जब साइलेंसर गोली की तरह आवाज करता है, इससे सड़क पर चलने वाले दूसरे वाहन चालकों को परेशान होना पड़ता है। हाल ही में यातायात पुलिस ने बाइक्स में मॉडिफाइड साइलेंसर लगे वाहनों पर कार्रवाई किया है। कांकेर व चारामा शहर में ऐसी घटनाएं हाल के महीने में काफी बढ़ गई है। कालेज रोड में पैदल जाने वाली छात्राओं के नजदीक आते ही बुलेट बाइक सवार ऐसे लड़के जोरदार गोली दागे जाने जैसी आवाज बुलेट बाइक से निकाल कर उन्हें आतंकित कर देते हैं। अचानक तेज धमाके की आवाज सुन छात्राओं में दहशत जैसी स्थिति पैदा हो जाती है। यातायात पुलिस की टीम तेज धमाके वाली आवाज निकालने वाले बुलेट बाइक सवार लड़कों की तलाश शुरू कर दी है। मॉडिफाइड साइलेंसर लगाने के लिए कैटलिटिक कनवर्टर हटाना पड़ता है, जबकि यही एक्जॉंसट गैसों को फिल्टर करता है, ताकि खतरनाक कण वातावरण में ना फैल सकें। बीएस 6 उत्सर्जन मानकों का पालन करने के लिए कैटलिटिक कनवर्टर जरूरी है। अगर आप कैटलिटिक कनवर्टर हटवा कर कोई और हाई-परफॉर्मेंस एक्जॉंसट लगवाते हैं, तो आपकी गाड़ी बीएस 6 के मानकों पर खरी नहीं उतरती।

### साइलेंसर मोडिफिकेशन कराने का जुर्माना 10 हजार





कानफोड़ू साइलेंसर लगवाने वालों पर यातायात पुलिस शहर के प्रमुख चौराहों पर अभियान चलाकर ऐसे लोगों की धरपकड़ कर चालान कर सकती है। मोटर व्हीकल एक्ट में साइलेंसर मोडिफिकेशन कराने का जुर्माना 10 हजार रुपए है। ऐसे में अब तक पटाखा साइलेंसर लगाकर फर्राटा भरते आ रहे लोगों की जेब कभी भी ढीली हो सकती है। ऐसे साइलेंसर्स धुआं तो ज्यादा उगलते ही हैं, तय सीमा से कई गुना ज्यादा आवाज पैदा करते हैं जिससे दूसरों को परेशानी होती है।

### कई गुना तेज हो जाती है आवाज

पर्यावरण संरक्षण नियम 1986 के अनुसार मोटरसाइकिल और स्कूटर्स के लिए अधिकतम ध्वनि सीमा 80 डेसिबल है। फैक्ट्री मॉडल के स्टॉंक साइलेंसर में तीन फिल्टर होते हैं, जो कम आवाज करते हैं। मगर मॉडिफाइड साइलेंर्स के चलते कम से कम 120 डेसिबल की आवाज निकलती है। ऐसे एक्जॉंसट सिस्टम को लगाने का खर्च कुछ हजार रुपए होता है। कुछ बाइक्स में पटाखों जैसी आवाज करने वाले साइलेंसर्स भी लगाए जाते हैं।


पाठक सूचना

कांकेर जिले में

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969



## खबर संक्षेप

### बीबी फाउंडेशन का फेस ऑफ छत्तीसगढ़ 28 को

**कांकेर।** बीबी फाउंडेशन द्वारा प्रस्तुत वर्ष का सबसे प्रतिष्ठित सौंदर्य प्रतियोगिता और रनवे शो फेस ऑफ छत्तीसगढ़ 2024 28 दिसंबर को होटल बाफना लॉन में आयोजित किया जाएगा। इस भव्य कार्यक्रम में बेहतरीन मॉडल्स का प्रदर्शन होगा, जो सुंदरता, शान और नवीनतम फैशन रुझानों को उजागर करेंगे। प्रतियोगिता में सम्मानित सेलिब्रिटी अतिथि फिल्म अभिनेत्री एलेना टुटेजा गौरवान्वित हैं, जो अपनी उपस्थिति से सम्मानित करेंगी और इस शानदार शाम में चार चांद लगाएंगी।

### नक्सली पीड़ित परिवार को पांच लाख की मदद मिलेगी

**कांकेर।** राज्य एवं केन्द्रीय शासन की पुनर्वास योजना अंतर्गत जिले के बड़गांव थाना अंतर्गत ग्राम मरकाचुआ में राकेश जाड़े का माओवादियों के द्वारा हत्या कर दी गई थी। कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर द्वारा मृतक की आश्रित प्रतिमा जाड़े को पांच लाख रूपएं की क्षतिपूर्ति सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### गुरुद्वारे में कीर्तन भजन कर मनाया गया वीर बाल दिवस



**भानुप्रतापपुर।** विकासखण्ड भानुप्रतापपुर में 26 दिसबंर को गुरुद्वारा में वीर बाल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारे में कीर्तन भजन कर छोटे साहिबजादों की शहीदी दिवस पर निवर्तमान जिलाध्यक्ष संजय जैन ने कहा की गुरु गोविंद सिंह का पूरा परिवार देश के लिए बलिदान हो गया था। गुरु गोविंद सिंह का पूरा परिवार देश धर्म के लिए शहीद हो गया था। 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में उन छोटे साहबजादों को मुगल राजा वजीर खान ने इस्लाम धर्म धारण करने के लिए यातना दी पर अपने धर्म को नहीं छोड़ा, इस्लाम धर्म धारण नहीं किया। मुगल बादशाह ने अनेक प्रयास किए पर धर्म परिवर्तन साहिबजादों ने नहीं किया, फिर दोनों साहिबजादों को दीवारों में जिंदा चिनवा दिया। उस समय साहिबजादों की उम्र 7 और 9 साल की थी।

# माता- पिता की मौत के बाद पहुंची बालगृह बालिका और साबित किया प्रतिभा को केवल अवसर चाहिए, हेमबती राष्ट्रपति से हुई सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ राज्य की गौरव और कोंडागांव जिले की बेटी हेमबती नाग को राष्ट्रपति भवन नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय बाल पुरस्कार समारोह में गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने हेमबती नाग को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि हेमबती ने कठिन परिस्थितियों में भी अपना हौसला नहीं खोया और अपनी अथक मेहनत और कड़े संघर्ष से खेलो इंडिया और राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और यह उपलब्धि हासिल की।

बाल देखरेख संस्था छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद, बालगृह बालिका जिला कोण्डागांव में निवासरत बालिका हेमबती नाग ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2024–25 प्राप्त कर कोण्डागांव जिला और छत्तीसगढ़ राज्य का मान बढ़ाया है। बालिका हेमबती नाग ग्रामीण परिवेश से है।

मार्च 2019 में माता पिता की मृत्यु के पश्चात बालिका की अत्यंत कमजोर स्थिति में होने से देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता को देखते हुए, जिला प्रशासन द्वारा जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास विभाग से बाल कल्याण समिति के द्वारा बालगृह बालिका जिला कोण्डागांव में प्रवेश कराया गया। बालिका 41 वीं बटालियन के सहयोग से जूडो खेल का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। बालिका ने नवम्बर 2021 में चंडीगढ़ पंजाब में जूडो चैम्पियनशिप में सब जूनियर के 28 कि.ग्रा. वर्ग में राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

## छत्तीसगढ़ राज्य का गौरव बनी कोंडागांव की बेटी, मिला प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार

### राष्ट्रीय स्पर्धाओं में हासिल किए कई पदक

2022 में खेलो इंडिया के क्षेत्रिय प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त किया एवं राज्य स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। 2023 मे भोपाल में आयोजित राष्ट्रीय खेलो इंडिया टूर्नामेंट में 5 वां स्थान प्राप्त किया। राष्ट्रीय शालेय खेल में कांस्य पदक प्राप्त किया। वर्ष 2024 में बालिका ने क्षेत्रीय खेलो इंडिया प्रतियोगिता नासिक महाराष्ट्र में 40 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त किया तथा राष्ट्रीय शालेय जुडो प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त किया। दिसम्बर 2024 में आयोजित राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता अंतर्गत जूडो में अगरतला त्रिपुरा में रजत पदक प्राप्त किया। बालिका की लगातार मेहनत और लगन ने तथा खेल के प्रति जुनून ने उसे इस मुकाम तक पहुंचाया।



### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार

राष्ट्रीय बाल पुरस्कार असाधारण योग्यताओं और उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए बच्चों को दिया जाता है। राष्ट्रीय स्तर के ये पुरस्कार 5 से 18 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों को बहादुरी, कला और संस्कृति, पर्यावरण, नवाचार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, सामाजिक सेवा और खेल जैसी सात श्रेणियों में उनकी उत्कृष्टता के लिए दिए जाते हैं। पीएमआरबीपी के प्रत्येक पुरस्कार विजेता को एक पदक, प्रमाण पत्र और एक प्रशस्ति पुस्तिका दी जाती है। जिले की बेटी हेमबती नाग को राष्ट्रपति के हाथों राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर कलेक्टर कुणाल दुदावत ने शुभकामनाएं दीं। साथ ही उन्होंने जिले की महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम को भी की भी सराहना की।

## आयोजन: महतारी वंदन योजना के लाभार्थियों को किया गया सम्मानित

# महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में महतारी वंदन एक महत्वपूर्ण कदमः लता उसेंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विधानसभा स्तरीय महतारी वंदन महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोण्डागांव विधायक लता उसेण्डी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सम्मानित करना और उन्हें सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी देना था।

विधायक सुश्री लता उसेण्डी ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं को हर व्यक्ति तक पहुँचाना जरूरी है और इसमें महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने महिलाओं से अपने आस–पास के लोगों को भी योजनाओं की जानकारी देने और उन्हें लाभ उठाने के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि जिले की महिला हितग्राहियों के खातों में हर महीने 17 करोड़ रुपये का लेन–देन हो रहा है। जिससे क्षेत्र का आर्थिक विकास भी हो रहा है। सुश्री उसेण्डी ने विभिन्न योजनाओं, जैसे महतारी वंदन योजना, ग्रामीण बैंक ऋण सुविधा, नोनी योजना और दुग्ध सहकारी समिति में महिलाओं की सहभागिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से महतारी वंदन योजना का उल्लेख करते हुए बताया कि इस योजना के तहत महिलाओं को हर महीने एक हजार रुपये की सहायता राशि दी जा रही है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन रही हैं और उनकी सामाजिक–आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है।

**ये रहे उपस्थित** – इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य बालसिंह बघेल, मनोज जैन एवं अन्य जनप्रतिनिधि सहित जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई एवं विभागीय अधिकारी–कर्मचारी और महतारी वंदन योजना के लाभार्थी उपस्थित रहे।

### जिले की 1 लाख 39 हजार महिलाओं को मिल रहा लाभ

विधायक लता उसेंडी ने महिलाओं को ग्रामीण बैंक से मिलने वाली 25 हजार रुपये तक की ऋण सुविधा के बारे में भी बताया। जिससे वे स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से व्यावसायिक गतिविधियाँ शुरू कर सकती हैं और अपना आर्थिक विकास कर सकती हैं। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने बताया कि जिले की 1 लाख 39 हजार महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ मिल रहा है और उनके खातों में सीधे सहायता राशि जमा हो रही है। उन्होंने यह भी बताया कि बैंक सखी द्वारा गांव–गांव में महिलाओं को बैंक से राशि निकालने में मदद की जा रही है। जिससे उन्हें बैंक आने–जाने में लगने वाले खर्च से राहत मिल रही है। इस कार्यक्रम में महिलाओं के लिए रस्साकसी प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। जिनके माध्यम से महतारी वंदन योजना के लाभ के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर कई जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी–कर्मचारी और महतारी वंदन योजना के लाभार्थी उपस्थित रहे।

# अधिक मूल्य वसूली, मिलावट व अफवाह जैसे मामलों से आम जनता को करें जागरुक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

राष्ट्रीय उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के निर्देशानुसार ग्राम बुनागांव में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, उत्तरा कुमार कश्यप के मार्गदर्शन और सचिव, सुश्री गायत्री साय के नेतृत्व में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ।

इस अवसर पर अधिवक्ता सुरेन्द्र कुमार भट्ट ने ग्रामीणों को उपभोक्ता अधिकारों और कानूनी प्रावधानों के प्रति जागरूक किया। शिविर में बताया गया कि उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 के तहत हर नागरिक को अपने अधिकारों की रक्षा करने का अधिकार है। विक्रेताओं, व्यापारियों और कंपनियों द्वारा किसी भी प्रकार के शोषण के खिलाफ उचित कदम उठाना उपभोक्ताओं का कर्तव्य है। शिविर में अधिक मूल्य वसूली, मिलावट और भ्रमकता जैसे मुद्दों पर जागरुकता फैलाने पर जोर दिया गया। इसके साथ ही बालकों के संरक्षण के लिए लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, मोबाइल और साइबर अपराधों से संबंधित कानूनी जानकारी दी गई। ग्रामीणों को यह भी बताया गया कि किसी भी मामले में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क अधिवक्ता की सेवा ली जा सकती है।

**ये रहे उपस्थित-** कार्यक्रम में ग्राम बुनागांव की सरपंच श्रीमती पंचमी कौशिक, सचिव मानसिंग मरकाम, हरीनाथ कोर्राम, दशरथ नेताम, अधिकार मित्र विवेक कश्यप, पारेश्वर देवागन और अन्य ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इस शिविर ने ग्रामीणों को उनके अधिकारों और कानूनी सुरक्षा के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# क्रिसमस में चर्च में प्रार्थना की व सुख समृद्धि की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




क्रिस्चन समाज ने चारामा स्थित ऐबेनेजर मेनोनाइट चर्च में प्रभु यीशु मसीह से देशवासियों की सुख, समृद्धि और शांति के लिए प्रार्थना की। इस मौके पर समाज के लोगों ने पिछले साल के अनुभव साझा किए और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर त्यौहार मनाया। समाज के लोगों ने इस खास दिन के लिए एक सप्ताह पहले से तैयारियां शुरू कर दी थीं। चर्च को खूबसूरती से सजाया गया और सभी ने सुबह से चर्च में उपस्थित होकर प्रार्थना में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राथना से हुआ, जिसके बाद परिवार के सदस्य एक साथ झूमे और नाचे। त्योहार के अवसर पर विभिन्न खेल-कूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित कर पुरस्कार दिए गए। इसके साथ ही समाज के वरिष्ठ नागरिकों को भी विशेष सम्मान प्रदान किया गया। चर्च के पास्टर ने बाइबल से प्रेरणादायक संदेश साझा करते हुए इस त्योहार का महत्व बताया। उन्होंने सभी को प्रभु यीशु की शिक्षाओं का पालन करते हुए जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। समाज के लोगों ने केक काटकर त्यौहार मनाया व नए साल का स्वागत किया और एक-दूसरे को बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ मेनवेल सिंग द्वारा किया गया। इससे पहले 22 दिसंबर को खेल-कूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए थे और 24 दिसंबर को नगर में समाज द्वारा सुख-समृद्धि की यात्रा निकाली गई थी।

# ठेमा खरीदी केंद्र में धान के उठाव में देरी से खरीदी होगी प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना



जिले के आदिम जाति सेवा सहकारी समिति सरोंना के अंतर्गत स्थित धान खरीदी केंद्र ठेमा में किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहाँ पर लगातार धन उठाव में देरी हो रही है, जिससे किसानों को अपनी धान बेचने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। किसान अपनी उपज को सही समय पर बेचने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन खरीदी केंद्र में धान उठाव न होने के कारण वे धान नहीं बेच पा रहे हैं। इससे किसानों की आर्थिक स्थिति पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है और उनकी उपज की गुणवत्ता भी प्रभावित हो सकती है। किसानों का कहना है कि यह समस्या पिछले कुछ दिनों से जारी है और उन्होंने प्रशासन से तत्काल इस पर कार्रवाई की मांग किया है। उनका कहना है कि यदि धन उठाव में देरी जारी रही, तो उनका पूरा कामकाजी वर्ष बर्बाद हो सकता है। किसानों ने राज्य सरकार और संबंधित अधिकारियों से माँग किया है कि जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान किया जाए, ताकि वे अपने धान को सही मूल्य पर बेच सकें और उनकी मेहनत का उचित फल मिल सके। यह स्थिति केवल ठेमा केंद्र तक सीमित नहीं है, अन्य धान खरीदी केंद्रों पर भी धान उठाव में देरी के चलते किसानों की समस्याएं बढ़ सकती हैं, जिससे पूरे क्षेत्र के किसान प्रभावित हो सकते हैं।

# डेयरी फर्म के उत्पाद लस्सी में निकला कीड़ा



**दंतेवाड़ा।** जिले में पहुंचने वाली बस्तर डेयरी फर्म के उत्पाद में शिकायत मिल रही है । गुरुवार को दंतेवाड़ा शहर की दुकान से लस्सी खरीदने पहुंचे ग्राहक ने पैकेट से रेफर हटाया तो उसमें कीड़ा निकला। ग्राहक ने दुकानदार को बताया कि लस्सी से कीड़े निकल रहे हैं। एक-एक कर पांच लस्सी के डिब्बे को खोला गया तो सभी में कीड़े निकले। इस बात की शिकायत दुकानदार ने बीडीएफ की दंतेवाड़ा एजेंसी संचालक ने कंपनी से की। जैसे ही शिकायत की तो कंपनी ने उन सभी उत्पादों को तत्काल हटवा दिया। इधर इस प्रकरण की शिकायत खाद्य अधिकारी तक पहुंची। फूड विभाग की टीम मौके पर पहुंची और लस्सी की पैकिंग का सैंपल अपने कब्जे में लिया है। खाद्य अधिकारी सुष्मित देवांगन ने बताया सैंपल को जब्त किया है। इस सैंपल को जांच के लिए लैब भेजा जा रहा है।

**21 दिन में सैंपल की जांच रिपोर्ट आएगी-** फूड अधिकारी सुष्मित देवांगन इस मामले में कहते हैं कि सैंपल को जांच के लिए भेजा गया। लस्सी का रंग बदल रहा है और जिंदा कीड़े भी दिखाई दे रहे हैं। साथ ही जो भी कमी है वो तो टेस्ट के बाद ही पता चलेगा। उन्होंने कहा कि 23 दिसम्बर की सप्लाई की लस्सी में शिकायत मिली है। बस्तर डेयरी फर्म के उत्पादों में शिकायत है। इससे पहले भी इस फर्म के उत्पादों में शिकायत मिली है। दंतेवाड़ा में ही दो या तीन प्रकरण दर्ज हुए हैं। एक बार फिर इस सैंपल को टेस्ट के लिए भेजा जा रहा है। यदि सैंपल फेल हुआ तो बड़ी कार्रवाई होगी।

**दूध से बने उत्पाद बेहद ही संवेदनशील होते हैं-** हाल में ही बीते दिनों बीजापुर हॉस्टल में पनीर खाने से कुछ स्कूली बच्चों की सेहत बिगड़ी थी। इतना ही नहीं एक बच्ची की जान भी चली गई। लस्सी की पैकिंग खोलने से कीड़े निकल रहै है, इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि जगदलपुर में स्थित बीडीएफ के प्लांट में घोर लापरवही की जा रही है।

# अटल चौक में भारत रत्न और पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी को किया नमन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- सुशासन दिवस पर जिलेभर में हुआ आयोजन
- ग्राम व जनपद पंचायतों में जयंती पर दी गई श्रद्धांजलि

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर आज जिलेभर में सुशासन दिवस मनाया गया। जिले के ग्राम पंचायतों के अटल चौक और जनपद पंचायतों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। शासन के निर्देशानुसार सुशासन सप्ताह में कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में पूरे जिले में आयोजित सुशासन दिवस के कार्यक्रमों में ग्रामीणों ने अपनी सहभागिता दिखाई और उत्साह के साथ सुशासन दिवस मनाया। जिले के सभी ग्राम पंचायतों में सुशासन दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को नमन करते हुए उनके कविताओं का पाठ किया गया।

# यातायात नियमों से वाहन चलाना सुरक्षित जीवन की गारंटी : दीपक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




8 छग स्वतंत्र एनसीसी कंपनी द्वारा नरहरदेव स्कूल में 10 दिवसीय कैम्प का हुआ आयोजन हो रहा है। कैंप के छठवें दिन गेस्ट लेक्चर सीरीज के प्रथम चरण में पुलिस यातायात विभाग की ओर से रक्षित निरीक्षक दीपक साव ने यातायात नियमों की जानकारी पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन से दिया। उन्होंने कहा कि यातायात का ज्ञान होना आवश्यक है। एनसीसी कैडेट के पूछे गए विभिन्न सवाल का विस्तृत जानकारी प्रदान किया और कहा कि यातायात नियमों के साथ ही साथ सड़क के चिन्ह को ध्यान पूर्वक पालन करना आवश्यक है। एनसीसी कंपनी द्वारा आयोजित कैंप के छठवें दिन में यातायात विभाग की ओर से रक्षित निरीक्षक दीपक साव ने कहा कि सही तरीके से वाहन चलाने से जीवन की रक्षा होती है व 16 वर्ष के जितने भी कैडेट हैं वे सभी ड्राइविंग लाइसेंस बनाएं 1 घंटे के अंदर लर्निंग लाइसेंस मिल जाता है। लर्निंग लाइसेंस के एक माह बाद ही ड्रायविंग लाइसेंस प्राप्त हो जाता है। छत्तीसगढ़ में वाहन दुर्घटना से प्रति महीने 14 से 15 हजार मौतें होती हैं व पूरे भारत में एक लाख करोड़ रुपए की क्षति वाहन दुर्घटना के कारण होता है। यातायात के नियमों का पालन करना चाहिए। 60 प्रतिशत मौत दोपहिया वाहनों से होती है। उन्होंने कहा कि दोपहिया वाहन चलाने के लिए बीमा का कागजात, ड्राइविंग लाइसेंस, प्रदूषण सर्टिफिकेट, आरसी की आवश्यकता होती है। गेस्ट लेक्चर के दूसरे चरण में महिला सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान के तहत पुलिस टीम द्वारा गुड टच, बैंड टच, बालिकाओं को आत्मरक्षा एवं पॉक्सो एक्ट से संबंधित जानकारी देकर जागरूक किया गया। व्याख्यान की समाप्ति पश्चात कैंप कमांडेंट के द्वारा एनसीसी की प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया। इस अवसर पर कैंप एडजुडेंट लेफ्टिनेंट विजय प्रकाश साहू, ट्रेनिंग अफसर लेफ्टिनेंट श्याम लाल कुर्रे, कैंप क्वार्टर मास्टर हेमलाल साहू, प्रदीप कुमार सिंग, महेश कुमार घरत, सुनील ठाकुर, पंकज सेन, दुष्यंत सोनकर, भागीरथी नायक, भूपेंद्र सहारे, एके सिंह, डॉ वर्षा कुमारी, कैंप सूबेदार कृष्णदेव, सीएचएम कार्तिक राम सिंह, हवलदार जितेश, हवलदार धीरज, नायक सुभाष, नायक दीपक, शिवनन्दन ध्रुव, रोहित बघेल, धनकर, विनीता आदि पीआई स्टॉफ तथा एनसीसी कार्यालय के समस्त कर्मचारियों का सहयोग मिल रहा है।

## पेज 9 के शेष

### होटल में चोरी...

अपराध स्वीकार किया और उनके बताए गए स्थल से चोरी किए गए 9000 रूपएं नगद तथा चोरी के पैसे से खरीदी गई मोटरसाइकिल बरामद किया गया। आरोपियों से चोरी के संबंध में पूछताछ करने पर बताया कि लगभग 3 माह राजमिस्त्री का काम करने के लिए चारामा आया था और एक सप्ताह तक काम किया था उसके बाद अपने साथी के साथ मोटर सायकल क्रमांक सीजी 05 एन 7938 में चारामा देवांगन हॉटल के पास आए और वाहन मोटर सायकल को रोड किनारे खड़ाकर दिया। बंटी साहू को अपने साथ लेकर हॉटल के पास गए और हॉटल का शटर में लगे ताला को अपने साथ लाएं सब्बल से तोड़कर हॉटल के अंदर घुसकर चोरी किया। उसके बाद थोड़ी दूर जाकर सब्बल को फेंककर बंटी साहू के साथ श्यामतराई धमतरी चला गया और पैसा को आपस में बांट लिया। चोरी में मिले 20 हजार रूपएं से मोटर सायकल खरीदना और शेष रकम को खर्च करना बताएं। आरोपीयो से घटना के समय प्रयुक्त मोटर सायकल, लोहे का सब्बल को जप्त किया गया और चोरी करना स्वीकार करने पर गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया और न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

### पिकअप और टूरिस्ट...

हुए है। एक्सीडेंट हो जाने के कारण कुछ समय के लिए मार्ग बाधित हो गया था, वहीं घटना की खबर मिलते ही चारामा पुलिस मौक पर पहुँच गई और वाहनों को हटाकर बाधित मार्ग में आवाजाही शुरू करवाया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि बड़ा हादसा होते होते टल गया। अंत में दोनो पक्षों में समझौता हो गया और समाचार लिखे जाने तक किसी भी पक्ष के द्वारा अपराध दर्ज नहीं कराया गया। अपराध दर्ज नहीं होने पर पुलिस ने बाधित यातायात को बहाल कर दिया वहीं दोनो वाहन गंतव्य स्थानों के लिए रवाना हो गए।

## खबर संक्षेप

### सुशासन दिवस पर दी योजनाओं की जानकारी

**जगदलपुर।** छापर भानपुरी में सुशासन दिवस पर पेड़ लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और स्व सहायता समूह की महिलाओं को 2 करोड़ रुपए का चेक प्रदान कर सशक्त बनाया गया। छात्र-छात्राओं को विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चित्रकोट विधायक विनायक गोयल ने की। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य रैतु राम बघेल, सरपंच जीवनाथ मौर्य, डेंग भानपुरी सरपंच मुन्ना कश्यप, उपसरपंच जैसिंग बघेल, लक्ष्मण राणा, गणपति सोम, लल्लू कश्यप, शिव सूर्यवंशी, एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। साथ ही विभिन्न विभागों के अधिकारी डीईओ, बीईओ , जनपद सीईओ, बीआरसी सहित कार्यकर्ता,व ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### पीताम्बर को बकावंड भाजपा मंडल की कमान

**बकावण्ड।** युवा मोर्चा से अपनी राजनीति की शुरुआत करने वाले युवा नेता पिताम्बर कश्यप को



बकावंड मंडल की कमान सौंपी गई है। बकावंड जनपद पंचायत क्षेत्र के कोसमी पंचायत के निवासी है। 2010 से भारतीय जनता पार्टी के युवा विंग युवा मोर्चा में शामिल हुए तथा उनके लगन को देखते हुए युवा मोर्चा का कोषाध्यक्ष 2012-13 में बनाया गया और 2016 से 18 तक महामंत्री का दायित्व दिया गया। पिताम्बर कश्यप के युवा मोर्चा में बेहतरीन काम करने के कारण भारतीय जनता पार्टी ने अहम जिम्मेदारी सौंपते हुए बकावंड मंडल अध्यक्ष की कमान दी गई है लेकिन चुनौतियां भी कम नहीं हैं।

### ओबीसी संगठन की कार्यकारिणी का विस्तार



**गीदम।** जननायक कर्पूरी ठाकुर ओबीसी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुवीर सिंह श्रीवास एवं प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम सेन की अनुसंशा पर बस्तर संभाग के अध्यक्ष शंकर सेन के नेतृत्व में दंतेवाड़ा जिले की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। इस अवसर पर प्रदेश सचिव शंकर श्रीवास, जिला मीडिया प्रभारी सौरभ सेन व प्रवक्ता मुन्नूलाल सेन द्वारा जिला इकाई दंतेवाड़ा का गठन कर पदाधिकारियों एवं सदस्यों को नियुक्ती पत्र देकर दायित्व सौंपा गया। जिसमें दंतेवाड़ा जिला अध्यक्ष मोहन सूत्राला, उपाध्यक्ष एन वीरा स्वामी, सत्नेश सविता, महासचिव कल्याण लक्ष्मण, संगठन सचिव पी भास्कर, सहसचिव श्रीरामुला अंजानेयुलु, प्रचार सचिव हर गोविंद, सलाहकार तुमेश्वर श्रीवास एवं संरक्षक विद्यानंद सेन को बनाया गया।

# अंदरूनी गांव में अब शिक्षा की किरण पहुंचने लगी, 28 बंद पड़े स्कूलों का पुनः संचालन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

जिला प्रशासन की अभिनव पहल स्कूल चले अभियान के फलस्वरूप सरकार के गठन के एक वर्ष के भीतर जिले में 28 पुनः संचालित शालाओं में 962 नये विद्यार्थियों ने प्रवेश लेकर शिक्षा की मुख्यधारा को अपनाया है। इन स्कूलों में 12 स्कूल अतिसंवेदनशील माओवाद ग्रसित इलाकों के हैं जहाँ 20 सालों से स्कूल की गतिविधियां पूरी तरह से बंद थी। इन इलाकों में स्कूल खोलकर जिला प्रशासन ने स्थानीय बेरोजगारों को शिक्षादूत के रूप में नियुक्ति कर नई शुरुआत की है तथा बच्चों को बुनियादी सुविधाओं के साथ शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराई है।

कलेक्टर संबित मिश्रा एवं सीईओ जिला पंचायत हेमंत नंदनवार के प्रयासों से बीजापुर के अंदरूनी गांव में अब विकास की बयार और शिक्षा की किरण पहुंचने लगी है। कावडगांव, मुदवेन्डी, डुमरीपालनार, हिरोली, हिरामगुण्डा, कुरूष, ईसुलनार जैसे गांव में अब गोलियों की गुंज और बारूद के धमाके की दहशत को तोड़कर क, ख, ग, घ की आवाज सुनाई देने लगी है। स्कूल की घंटी बजते ही आकर्षक वेशभूषा में स्कूल की ओर दौड़ते बच्चें बदलते बीजापुर की कहानी गढ़ रहे हैं। चालू शिक्षा सत्र में स्कूल चले अभियान के तहत जिले में 28 बंद स्कूलों को पुन संचालित कर 962 बच्चों को स्कूल से जोड़ने में जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग सफल हुआ है। इन स्कूलों में नये भवन निर्माण की कार्यवाही प्रारंभ की गई है जो आगामी शिक्षा सत्र के पूर्व बच्चों के लिए सुलभ हो जायेगी। शिक्षा में गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन की नई पहल निपुण बीजापुर को विद्यार्थियों के बीच काफी समर्थन मिल रहा है। निपुण बीजापुर कार्यक्रम से गांव-गांव के स्कूलों में गीत, कविताओं और खेल-खेल की गतिविधियों के माध्यम से एफएलएन के लक्ष्यों को प्राप्त करने का प्रयास किया जा रहा है।

## स्कूल खुलने से 962 विद्यार्थियों को मिला शिक्षा का अधिकार



### रोचक शिक्षा से जोड़ा जा रहा

जिले के 777 प्राथमिक और 201 माध्यमिक शालाओं में निपुण बीजापुर के लिए शिक्षको को प्रशिक्षित कर गतिविधि आधारित बालक केन्द्रीत शिक्षा सभी 96 संकुलों में संचालित की जा रही है। पाठ आधारित गतिविधियों को सहायक शिक्षण सामग्री एवं स्वयं की गतिविधियों से शिक्षक कक्षाओं में आयोजित कर बच्चों को रोचक शिक्षा से जोड़कर बुनियादी दक्षता को विकसित करने कार्य कर रहे है। छोटे-छोटे विडियों क्लिप्स बनाकर शैक्षणिक गतिविधियों को संकुल तथा ब्लॉक स्तर पर प्रसारित कर शैक्षणिक वातावरण को रोचक और आसान बनाते हुए बच्चों का रूझान कक्षाओं की तरफ बढ़ाया गया है। इस कार्यकम से जहां बच्चों के सीखने की उपलब्धि के स्तर में वृद्धि हो रही है वही दर्ज संख्या के अनुपात में औसत उपस्थिति का प्रतिशत बढ़ा है।

## आश्रम में छात्रा की मौत के बाद भी परिवार को राहत नहीं

# न्याय के लिए दर-दर भटक रहे पिता व परिवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



लगभग एक माह पूर्व छात्रावास की दीवार से गिरने से मासूम छात्रा की मौत हो गई थी। इसके बाद से ही परिवार इंशोयरेंस क्लेम और डेथ सर्टिफिकेट के दफ्तरों के चक्कर काट रहा है लेकिन उन्हें राहत दिलाने जिम्मेदारों द्वारा प्रयास नहीं किया जा रहा है। परिजनों ने इंशोयरेंस क्लेम के लिए अधीक्षिका से संपर्क किया जिसके बाद अधीक्षिका ने मामले की सूचना आगे दिने की बात कही थी। लेकिन एक माह बीत जाने के बाद भी अब तक अधीक्षिका रटा रटाया जबाव दे रही है। यहां तक की बच्ची की डेथ सर्टिफिकेट तक परिजनों के हाथ नहीं आई है। निराश परिजनों ने अब न्याय के लिए शासन से गुहार लगाई है।

- अब तक नहीं मिला इंश्योरेंस क्लेम और डेथ सर्टिफिकेट

मामला बीजापुर जिले का है जहां बेटी की मौत के बाद न्याय के लिए पिता परिवार के सदस्यों के साथ दर-दर भटक रहा है। जिले के केतनपाल निवासी छात्रा फरसेगढ़ स्थित बालिका आश्रम में अध्ययनरत थी। छात्रा मंजू पोयाम आश्रम के बाउंडीवॉल से गिरकर चोटिल हो गई थी जिसकी उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों की मानें तो बच्ची आश्रम स्टॉफ के कहने पर पेड़ की टहनियों से दातून तोड़ने बाउंडीवॉल पर चढ़ी थी। दुर्घटनावश उसका पांव फिसल गया और सीधे जमीन पर गिरकर घायल हो गई थी।

### अधीक्षिका ने छिपाई दुर्घटना की बात

बच्ची के साथ दुर्घटना माह भर पहले घटी थी लेकिन आश्रम अधीक्षिका ने घटना की भनक किसी को लगने नहीं दी थी। वहीं बच्ची को आनन फानन में 6 नवंबर को कुटरू अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था। उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जगदलपुर स्थित डिमरापाल मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। मेकाज के चिकित्सकों ने उसे रायपुर रेफर करने को कहा लेकिन परिजन उसे अपने साथ केतनपाल उसके घर लेकर आ गए।

### 26 नवंबर को हुई बच्ची की मौत

परिजनों के मुताबिक भैरमगढ़ ब्लाक के मंडल संयोजक शिव समरथ इलाज का पूरा खर्च वहन करने की बात कहते हुए रायपुर ले जाने के लिए कहा। जिसके बाद 10 नवंबर को रायपुर के एक अस्पताल में मंजू को भर्ती कराया गया था। सीटी स्कैन, एमआरआई के दौरान रीड की हड्डी टूटने की पुष्टि चिकित्सकों ने की थी। 22 नवंबर को बच्ची की सर्जरी हुई लेकिन पांच दिन बाद 26 नवंबर की सुबह उसकी मौत हो गई। जिसकी जानकारी मंडल संयोजक ने फोन पर परिजनों को दी। जिसके बाद परिजनों ने उसके पार्थिव देह का गृहग्राम केतनपाल में अंतिम संस्कार किया।

### शासन से न्याय की गुहार

बच्ची को खोने के बाद परिजनों ने इंशोयरेंस क्लेम के लिए अधीक्षिका से संपर्क किया। जिसके बाद अधीक्षिका का जबाव आया कि उन्हें कहीं जाने की जरूरत नहीं वे आगे सूचित कर चुकी है और जरूरत पड़ने पर परिजनों को बुलाने की बात कही थी। यहां तक की बच्ची की डेथ सर्टिफिकेट तक परिजनों को अब तक नहीं मिल पाई है। परिजनों ने पूरी आपबीती मीडिया को बताते प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है।

### विभाग पर उठे सवाल

मामले में परिजनों के खुलकर सामने आने के बाद अधीक्षिका और मंडल संयोजक से लेकर आदिम जाति कल्याण विभाग की कार्यशैली भी विवादों घिर गई है। सवाल उठ रहे हैं कि, बच्ची दुर्घटना का शिकार हुई तो अधीक्षिका ने पूरे मामले पर पर्दा डालने की कोशिश क्यों की गई। दूसरा यह की अगर मंडल संयोजक को इसकी जानकारी थी और उन्होंने विभाग के उच्चाधिकारियों को घटनाक्रम से अवगत कराया था। अगर कराया था तो विभाग प्रमुख ने प्रकरण में परिजनों को राहत देने के साथ दुर्घटना की जांच को लेकर गंभीरता क्यों नहीं दिखाई। इस सबंधं में सहायक आयुक्त श्री सिंग से चर्चा का प्रयास किया गया लेकिन उनसे सम्पर्क नहीं हो सका।

## पोटाकेबिन पहुंचकर महिला आयोग सदस्य ने छात्रा की मौत की ली जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

सुकमा जिले के छिंदगढ़ विकासखंड के बालाटिकरा पोटाकेबिन में अध्ययनरत दूसरी कक्षा की आदिवासी छात्रा की अचानक हुई मौत पर छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य अधिवक्ता दीपिका शोरी जांच करने पोटाकेबिन पहुंची। दीपिका ने छात्राओं एवं पोटाकेबिन के कर्मचारियों से कई बिन्दुओं पर बात की। उन्होंने मृत छात्रा के साथ पढ़ने वाली बच्चियों के साथ वन टू वन बात की साथ ही समस्त कर्मचारियों से पोटाकेबिन की कमियों के बारे में भी बात की।

- आश्रम में अव्यवस्था पर भी जानकारी मिली

विदित हो कि छात्रा की अचानक तबीयत बिगड़ी थी, उसे अस्पताल ले जाया जा रहा था। इसी दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया।

जानकारी के अनुसार तोंगपाल क्षेत्र की आठ वर्षीय रोशनी नाग दूसरी क्लास में पढ़ाई कर रही थी। एक दिन पहले ही प्रार्थना के समय छात्रा की अचानक तबीयत बिगड़ गई थी। उसे सांस लेने में तकलीफ हो रही थी।

जिसके बाद पोटाकेबिन के स्टाफ आनन-फानन में उसे छिंदगढ़ के अस्पताल ले जा रहे थे। लेकिन छात्रा ने बीच रास्ते में ही दम तोड़ दिया। चिकित्सा अधिकारी उमाशंकर तिवारी से बात की तो उन्होंने छात्रा को अस्पताल में भर्ती करने से पहले ही उसकी मृत्यु होना बताया।

दीपिका ने कि कहा की छात्राओं के साथ किसी प्रकार की भी लापरवाही बर्दास्त नहीं किया जायेगा। इस घटना में जो भी जिम्मेदार होंगे उन पर कार्यवाही की जायेगी। मैं अगले माह से पूरे जिले के पोटाकेबिन एवं आश्रम शालाओं का दौरा कर छात्राओं से मिलकर उनकी समस्याओं को सुनकर निराकरण करूंगी।

## अटल जी के बताए मार्ग पर चलने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



देश में सुशासन की कल्पना को चरितार्थ करने वाले, असंख्य भारत वासियों के प्रेरणास्त्रोत, परम श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मशताब्दी पर बुधवार को भाजपा दंतेवाड़ा ने स्व. अटल बिहारी की जयंती को सुसाशन दिवस के रूप में मंडल स्तर पर मनाया गया। भाजपा मंडल द्वारा जिला भाजपा कार्यालय, चितालंका में छायाचित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।

भाजपा जिलाध्यक्ष व विधायक चैतराम अटामी ने अटल बिहारी बाजपेयी के सुशासन काल का उल्लेख करते हुए कहा जनसंघ से लेकर प्रधानमंत्री के कार्यकाल में भारत देश की उन्नति प्रगति और विकास के लिए स्व. अटल बिहारी ने राष्ट्र और जनहित के लिए जो कार्य किये वो हम सब के लिए अनुकरणीय है।

श्री अटामी ने उनके कार्यकाल में हुए छग राज्यनिर्माण को छत्तीसगढ़ वासियों के अस्मिता और स्वाभिमान के लिए अनुकरणीय पहल बताते हुए गांव, गरीब मजदूर किसानों के हित मे समर्पित कार्यो की जानकारी दिया और अटल जी के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

प्रदेश मंत्री ओजस्वी मंडावी ने स्व. अटल बिहारी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा की छत्तीसगढ़वासियों को अथाह प्रेम करने वाले स्व. अटल को प्रदेशवासी सदैव याद रखेंगे।

कार्यक्रम का संचालन भाजपा मंडल महामंत्री दंतेवाड़ा रुपन मंडल एवं आभार व्यक्त जिला पंचायत सदस्य रामु नेताम ने किया। भाजपा नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष दंतेवाड़ा जय भंसाली ने पूर्व मंडल अध्यक्ष जयदयाल नागेश को पुष्पगुच्छ भेंट कर सफल कार्यकाल की बधाई दी। इस दौरान जिले के समस्त भाजपाई उपस्थित रहे।

## स्कूटी सवार दो छात्रों को अज्ञात वाहन ने रौंदा, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

लोहण्डीगुड़ा थाना क्षेत्र के मिचनार पिकनिक स्पॉट से लौट रहे दो छात्रों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर दो छात्रों की डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान मौत हो गई। स्थानीय विद्या ज्योती स्कूल में अध्ययनरत 8-9 छात्र गुरुवार सुबह बाइक व स्कूटी से पिकनिक स्पॉट मिचनार गए हुए थे। वापसी के दौरान कोड़ेनार थाना क्षेत्र के मावलीभाटा के करीब अज्ञात वाहन ने स्कूटी में सवार दो छात्रों को टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर दोनों छात्रों को स्थानीय लोगों की मदद से उपचार के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज रवाना किया गया लेकिन उपचार से पूर्व उनकी मौत हो चुकी थी। परपा टीआई भोला सिंग राजपूत ने बताया कि दोनों छात्रों की अस्पताल पहुंचने से पूर्व मौत हो चुकी थी, मामले में अस्पताल चौकी में मर्ग कायम कर डायरी कोड़ेनार थाना भेजा जा रहा है। इस घटना का पता चलते ही दोनों बच्चों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मामले की जानकारी लगते ही परिजनों का अस्पताल में पहुंचना शुरू हो गया था। हादसे में दोनों युवकों के सिर में चोट आई ।




## सुशासन दिवस के रूप में मनाई अटल जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती के अवसर पर 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक रहे अटल ने राष्ट्र की रक्षा से लेकर विकास एवं समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए अविस्मरणीय कार्य किए। अटल बिहारी वाजपेई के जयंती के पर गीदम मण्डल के मड़से शक्ति केन्द्र में ग्राम पंचायत मड़से व ग्राम पंचायत बड़े पनेड़ा में स्व. अटल बिहारी बाजपेयी की जन्म दिवस को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया।

इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अभिमन्यु सोनी,भाजपा जिला महामंत्री संतोष गुप्ता, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीष सुराना, मण्डल महामंत्री उरदो ठाकुर, मण्डल मंत्री संतोष सोनी, वरिष्ठ मंगलू हकपा, रामु वेक, अजय नागेश, चंद्रनाथ यादव, पंचायत सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, समस्त ग्रामवासियों की उपस्थिति रही।



## बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी के लिए छात्राओं को दिए गए महत्वपूर्ण टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कटेकल्याण मुख्यालय जावंगा में बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी के लिए बच्चों के लिए स्टडी कैंप का आयोजन किया जा रहा है। विद्यालय में स्टडी कैंप में छात्राओं को बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण टिप्स दिए जा रहे है। स्टडी कैंप 25 दिसंबर से 5 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा। इस दौरान कुमारी मुस्कान जैन ने बच्चों को बोर्ड परीक्षा के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान की। छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि लगातार अभ्यास से अच्छे अंक लाये जा सकते हैं। जीवन में एक लक्ष्य निर्धारित करें और उसके लिए अथक प्रयास करें। विद्यालय के प्राचार्य कुलदीप सिंह ने बताया कि हमारा उद्देश्य छात्रों को बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी में मदद करना है। हमें उम्मीद है कि यह स्टडी कैंप छात्रों के लिए उपयोगी साबित होगा। इस स्टडी कैंप में छात्रों ने विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों से सीखा और अपने प्रश्नों का समाधान प्राप्त किया। विद्यालय की यह पहल छात्रों को बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी में मदद करने में महत्वपूर्ण साबित होगी।



खबर संक्षेप



### बरगांव में मनाया गया शक्ति दिवस

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम हाटकोंदल में ग्राम बरगांव में 26 दिसंबर को शक्ति दिवस अखिल भारतीय आदिवासी हल्बा समाज द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पूजा-अर्चना शक्ति दिवस मनाया गया जिसमें गांव के प्रमुख कार्तिकराम रावटे, आसाराम, राकेश रावटे, रिखीराम, जोगेंद्र, चुमन, राजू रावटे, भूषण रावटे, भोलाराम, नारायण सिंह, भुवनेश्वर, तरुण रावटे, परमेश गढ़िया, कपूर सिंह, महिला व पुरूष उपस्थित रहे।

### कुएं में मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत पथर्रीनाला सलिहापारा निवासी 26 वर्षीय प्रकाश कुमार जुर्री का शव 24 दिसंबर को सुबह कुंआ से मिला। पथर्रीनाला सलिहापारा निवासी संजय जुर्री ने पुलिस को बताया कि मृतक 21 दिसंबर की रात को खाना खाकर अपने कमरे में सोया था। अगले दिन सुबह अपने कमरे में नही था। आसपास पता तालाश किया, लेकिन कही पता नही चला। 24 दिसंबर को मृतक का शव कुंआ मे दिखा। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### जहर सेवन से हुई महिला की मौत

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत हुर्रा निवासी 46 वर्षीय सावित्री का जहर सेवन करने से 25 दिसंबर को मौत हो गया। हुर्रा निवासी गन्नूरराम ने पुलिस को बताया कि मृतिका ने जहर का सेवन कर लिया था। जहर पूरे शरीर में फैल जाने के कारण मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### तीन घायलों की हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** कांकेर थानांतर्ग जिला अस्पताल में ईलाज के दौरान सड़क दुर्घटना में घायल साल्हेभाट निवासी 23 वर्षीय अजय भास्कर का मौत हो गया। बोदेली निवासी 21 वर्षीय खिलेश्वर मंडावी को सड़क दुर्घटना में गंभीर चोट आया था। ईलाज के दौरान 25 दिसंबर को मौत हो गया, वही मालगांव निवासी 26 वर्षीय विक्रम सिंह मंडावी सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। चोट गंभीर होने के कारण 25 दिसंबर को मौत हो गया। अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि तीनो मृतक को सड़क दुर्घटना में गंभीर चोट आया था। ईलाज के लिए अस्पताल में लाया गया था, उसी समय मौत हुई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण चिन्ह लगाया

**कांकेर।** सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली द्वारा हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण चिन्ह योजना प्रारंभ किया गया है। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम 1988 एवं केन्द्रीय मोटरयान नियम 1989 के प्रावधानों, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के परिपालन में छत्तीसगढ राज्य में 01 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत प्रत्येक वाहन पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण चिन्ह लगाया जाना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि कांकेर जिले में यह योजना प्रारंभ की गई है।वाहन स्वामी विभागीय वेबसाइट के माध्यम से सीधे आवेदन कर सकते हैं।

शिविर : ग्राम फुफगांव में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में ग्रामीणों से मिले 50 आवेदन

# माओवाद प्रभावित क्षेत्र में विकास की पहुंच सुनिश्चित हो रही, हो रहे विकास कार्य : नीलेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर




जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन आज अंतागढ़ विकासखण्ड की ग्राम पंचायत फुफगांव में किया गया, जहां ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न मांगों एवं समस्याओं को लेकर कुल 50 आवेदन प्रस्तुत किए। इनमें सभी आवेदनों का शिविर स्थल पर ही निराकरण किया गया। कलेक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को मौके पर मिले शेष आवेदनों को निराकृत कर आवेदनकर्ता को सूचित करने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर शिविर में जिला स्तरीय अधिकारियों ने स्टॉल लगाकर विभागीय योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर ने कहा कि अंतागढ़ विकासखंड का यह दूरस्थ क्षेत्र अब भयमुक्त हो चुका है और धीरे-धीरे विकास की ओर बढ़ रहा है, स्थितियां सामान्य हो रही हैं। उन्होंने बताया कि नियद नेल्लानार योजना से ऐसे इलाकों का कायाकल्प हो रहा है और ग्रामीण शासन की योजनाओं से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ रहे हैं। कलेक्टर ने आगे बताया कि माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत विशेष तौर पर प्रकरण स्वीकृत किए जा रहे हैं जिससे कि शासन की योजनाओं को ग्रामीणों तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने क्षेत्र की समस्याओं को पूर्ण करने आश्वासन दिया। साथ ही यह भी बताया कि कोसरोंडा में वृहद पुल निर्माण के लिए शासन द्वारा 7.50 करोड़ रूपए का बजट प्रदाय किया गया है। इसके अलावा कांकेर से आमाबेड़ा पहुंच मार्ग जो की लगभग 50 करोड़ रूपए का बजट है उसे भी बहुत जल्द प्रारंभ करने की बात कलेक्टर ने कही। उन्होंने छुटे हुए हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए आवेदन प्रस्तुत करने, महतारी वंदन योजना, राशन कार्ड, वन अधिकार मान्यता पत्र सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने की अपील ग्रामीणों से की। जनपद अध्यक्ष बद्रीनाथ गावड़े ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार आमाबेड़ा क्षेत्र के सभी 23 ग्राम



पंचायतों को प्राथमिकता के साथ सभी मूलभूत सुविधा मुहैय्या कराने के लिए सरपंचों तथा जनप्रतिनिधियों से अपील की। आयोजित शिविर में सर्वाधिक 19 आवेदन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को प्राप्त हुआ। इसी प्रकार लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी को 07, जल संसाधन और प्रधामंत्री ग्राम सड़क योजना को 6-6, विद्युत विभाग को 04, राजस्व तथा शिक्षा विभाग को 02-02, और क्रेडा को 01 आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में ग्रामीणों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराकर आवश्यकतानुसार निःशुल्क औषधि प्राप्त की। इसके अलावा अन्य विभागों के द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्रतानुसार उनका लाभ लेने की अपील की। शिविर में समाज कल्याण विभाग द्वारा सुकदू हिड़को तथा नेमी सिन्हा को सहायक उपकरण श्रवण यंत्र, डेरहा मण्डावी, रामेश्वरी मण्डावी को छड़ी और सुशील कुमार कोमरा को व्हीलचेयर प्रदाय किया गया।

शिविर में समाज कल्याण विभाग द्वारा सुकदू हिड़को तथा नेमी सिन्हा को सहायक उपकरण श्रवण यंत्र, डेरहा मण्डावी, रामेश्वरी मण्डावी को छड़ी और सुशील कुमार कोमरा को निःशुल्क व्हीलचेयर वितरित की गई। शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 40 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाईयां वितरित की गई। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष भुवनलाल जैन, ग्राम फुफ़गांव के सरपंच राम सिंह हिड़को, ग्राम अर्रा सरपंच रमेश मंडावी, जिला पंचायत के सीईओ हरेश मंडावी, एसडीएम राहुल रजक सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण और काफी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## पीएमश्री स्कूल के सौर यंत्र का क्रेडा सीईओ ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

राज्य के नागरिकों को लाभ पहुंचाने का कार्य गैर परम्परागत ऊर्जा स्त्रोतो के क्रियान्वयन राज्य एवं केन्द्र सरकार की नोडल एजेंसी क्रेडा द्वारा किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुसार कार्यों की उत्कृष्ट गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए क्रेडा के सीईओ कांकेर पहुँचकर निरीक्षण किया। राज्य स्तरीय औचक निरीक्षण के तहत 26 दिसंबर को क्रेडा के सीईओ राजेश सिंह राणा द्वारा पीएम श्री स्कूल दरगहन में क्रेडा द्वारा स्थापित 24 किलोवॉट ऑफ ग्रिड सोलर पॉवर प्लांट का निरीक्षण किया, वहाँ उपस्थित अधिकारी व कर्मचारी को निर्देशित किया कि यह संयंत्र स्कूल के अंदर स्थापित है, इसलिए सुरक्षा की दृष्टि से पार्टिशन की व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित किया जाए साथ ही स्कूल के स्टॉफ एवं शिक्षकों को भी संयंत्र की उपयोगिता तथा सुरक्षा के संबंध में जानकारी देते हुए प्रशिक्षित किया गया। दरगहन में जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत स्थापित सोलर पेयजल पंप संयंत्र का निरीक्षण किया गया, जिसमें क्रेडा द्वारा स्थापित सोलर ड्यूल पंप कार्यशील, गुणवत्तापूर्ण पाया गया, उक्त संयंत्र से गांव के घरों तक पानी पहुंचने की चर्चा निकटतम हितग्राहियों से किया गया। इसके उपरांत ग्राम सिरसिदा में स्थापित सोलर ड्यूल पंप का निरीक्षण किया। क्रेडा के सीईओ द्वारा निरीक्षण उपरांत वहाँ उपस्थित क्रेडा के अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया कि क्रेडा के विभिन्न परियोजना अंतर्गत चल रहे कार्य जल जीवन मिशन, सौर सुजला योजना, सोलर हाई मास्ट संयंत्र, सोलर पावर प्लांट एवं अन्य संयंत्रों के स्थापना के दौरान सतत स्थल निरीक्षण करते हुए निविदा के मापदण्डानुसार गुणवत्ता सुनिश्चित कराते हुए कार्य ससमय पूर्ण करावे।

## अटल परिसर निर्माण का सीएम ने किया वर्चुअल शिलान्यास




**नरहरपुर।** भारत रत्न व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को अटल स्वर्ण जयंती मनाते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अटल परिसर निर्माण के लिए समूचे छत्तीसगढ़ के नगरीय क्षेत्रों में अटल परिसर निर्माण का वर्चुअल शिलान्यास किया। नगर पंचायत नरहरपुर के सांस्कृतिक भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा कुनकुरी में शिलान्यास कार्यक्रम के अंतर्गत वर्चुअल भूमिपूजन किया। भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष भास्कर ने कहा कि अटल ने छत्तीसगढ़ को राज्य का दर्जा देकर हमें एक अलग पहचान दिलाई है। पार्षद मुकेश संचेती ने कहा कि नगर के गार्डन में 19 लाख 70 हजार की लागत से अटल परिसर का निर्माण होगा जो की हम सभी के लिए गौरव की अनुभूति होगी। उन्होने मध्य प्रदेश से अलग हमें छत्तीसगढ़ राज्य बनाकर दिया, वहीं उनरके सपनों का छत्तीसगढ़ आज डबल इंजन की भाजपा सरकार में तेजी से विकास कर अपनी एक अलग पहचान बना रहा। उनका एक जीवन नहीं संस्कार हैं हम सभी को उनके विचारों को अपने जीवन में उतारना चाहिए तथा उनके सपनों को साकार करना हम सभी का कर्तव्य है एवं उनकी स्वर्ण जयंती पर हम उन्हें नमन करते हैं। वर्चुअल कार्यक्रम में मुख्य नगर पंचायत अधिकारी रोशन ठाकुर, उप अभियंता गोविंदा देवांगन, संजय जूर्री, रिषभ ठाकुर, पार्वती साहू, अजय जायसवाल आदि उपस्थित रहे।




### कोयलीबेड़ा में ध्वजारोहण कर मनाया शक्ति दिवस

**कोयलीबेड़ा।** विकासखण्ड कोयलीबेड़ा में हलबा समाज ने मनाया गया शक्ति दिवस। सर्वप्रथम ध्वजारोहण किया गया, इसके पश्चात आमंत्रित समास प्रमुखों को मंचासीन कर स्वागत किया गया। इसके पश्चात समाज के छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा जबरदस्त सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। तत्पश्चात कोयलीबेड़ा के भूतपूर्व सरपंच रतिराम दुर्गा के द्वारा शहीद गेंद सिंह भाव पातर हलवा इन क्रांतिकारियों के जीवन पर प्रकाश डालते हुए अपनी बात कही। इसके पश्चात नारायण नरवास हरिचंद देहारी संतोष बिहारी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कोयलीबेड़ा गढ चारगांव अंतर्गत आने वाले समाज के सभी लोगों सहित आदिवासी समाज, मुरार, साहू, केवट व रावत सभी समाज प्रमुखों को भी कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया था।

### सांसद भोजराज नाग ने हरिभूमि कैलेंडर का किया विमोचन...



**भानुप्रतापपुर।** वीर बाल दिवस पर 26 दिसंबर को दसवें सिख गुरू श्री गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह के अदम्य साहस और बलिदान को नमन करते हुए गुरुद्वारा प्रांगण भानुप्रतापपुर में हरिभूमि दैनिक अखबार के वार्षिक कैलेंडर 2025 का विमोचन सांसद भोजराज नाग द्वारा किया गया। विमोचन के अवसर पर हरिभूमि भानुप्रतापपुर के प्रतिनिधि अभिषेक पांडेय, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर, मंडल अध्यक्ष भाजपा नरोत्तम चौहान, बृजेश चौहान, अरविंद जैन, संकेत नशीने, टीकम टंडिया, ज्वाला जैन, राजू श्रीवास, राहुल धुन्ने, अंकुर शुक्ला उपस्थित रहे।



## पूजा अर्चना की कलश यात्रा निकाली मनाया गया शक्ति दिवस समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

हल्ब समाज भानुप्रतापपुर एवं कर्मचारी प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में सामाजिक भवन भानुप्रतापपुर में शक्ति दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूजा अर्चना के साथ कलश शोभा यात्रा से किया गया। शोभा यात्रा में कांकेर लोकसभा सांसद भोजराज नाग शामिल हुए और आयोजन की प्रशंसा करते हुए आयोजको का उत्साह वर्धन किया और कहा मैं स्वयं इस कार्यक्रम में सम्मिलित होकर आप लोगो के बीच उपस्थित होकर गौरांवित महसूस कर रहा हूं।

शक्ति दिवस समारोह में समाज द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताएं प्रतियोगिता एवं संस्कृति सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यतः महिला वर्ग के लिए कुर्सी दौड़ सुई, धागा, रंगोली बनाओ एवं बिंदी लगाओ प्रतियोगिता रखा गया। बालक बालिकाओं के लिए जलेबी दौड़ कुर्सी दौड़ , एकल नृत्य एवं सामूहिक नृत्य मैं अपनी प्रस्तुति दी गई। शक्ति दिवस समारोह का मुख्य उद्देश्य समाज के सदस्यों को सामूहिक स्वालंबी बनाना राष्ट्रीय भावना जागृत करना सामाजिक संगठन को मजबूत करना जिसकी आज की परिवेश में महती आवश्यकता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुरेंद्र उर्वशा तहसीलदार भानुप्रतापपुर, अध्यक्षता आधार सिंह, विशेष अतिथि डीएल बढ़ई प्राचार्य महाविद्यालय दुर्गुकोंदल एवं बीएस ठाकुर, जेआर ठाकुर, सोमदेव नायक, रामसेवक कोठेवार, नीलकंठ ठाकुर, गौतम राणा, तनुजा बेलसरिया, माधुरी हतगीया उपस्थित रहे।

## लाख उत्पादन की तकनीकी को समझना जरुरी : पोटाई




**कांकेर।** लाख प्रशिक्षण एवं विस्तार केन्द्र माकड़ी में आयोजित शिविर में मुख्य अतिथि के आसंदी से जिला वनोपज सहकारी संघ कांकेर के अध्यक्ष नितिन पोटाई ने कहा कि लाख उत्पादन के लिए उसकी तकनीकियों को बारीकी से समझने की आवश्यकता है तभी हम अधिक से अधिक मात्रा में लाख उत्पादन कर सकते है । लाख प्रशिक्षण शिविर में जिला वनोपज सहकारी संघ के अध्यक्ष ने कहा कि बस्तर की प्राकृतिक दशा लाख उत्पादन के लिए अनुकुल है। यहाँ पहले तकनीकियों का प्रयोग नही किया जाता था, उस समय यहां के किसान पलाश एवं कुसुम के वृक्ष में लाख उत्पादन का कार्य किया करते थे, अब जबकि तकनीक ज्यादा विकसित हो गई, उससे उत्पादन को और भी बढ़ाने की आवश्यकता है। राज्य वनोपज सहकारी द्वारा लाख उत्पादक कृषकों के प्रशिक्षण के लिए ज्यादा से ज्यादा धन राशि उपलब्ध करायी जा रही है। अतः प्रशिक्षकगण एवं अधिकारी द्वारा बात का विशेष ध्यान रखे कि संघ एवं शासन के पैसे का दुरुपयोग न होने पाए और प्रशिक्षार्थी कृषक इसका लाभ ले सके। उन्होंने कृषकों से यह भी कहा कि उनके द्वारा उत्पादित किए गए लाख को व्यापारियों न बेचे बल्कि उसे प्राथमिक समितियों को ही बेचे ताकि इसका लाभ संस्था को मिल सके। उत्तर प्रदेश लखनऊ आए वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. एके जायसवाल एवं भानुप्रतापपुर उप प्रबंध संचालक ने किसानों को अधित से अधिक मात्रा में लाख उत्पादन करने के लिए तकनीकियों को साझा किया। आयोजित प्रशिक्षण शिविर में कांकेर, भानुप्रतापपुर पूर्व, भानुप्रतापपुर पश्चिम एवं नारायणपुर जिला यूनियन के 20 कृषक एवं 20 वनधन मित्र एवं 11 प्राथमिक समिति के प्रबंधकगण भाग ले रहे है।

## 30 लाख की लागत से अटल परिसर का होगा निर्माण, सीएम ने किया वर्चुअल भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर




पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी की स्वर्ण जयंती समारोह एवं सुशासन दिवस के उपलक्ष्य पर प्रदेश के सीएम विष्णुदेव साय ने जवाहर वार्ड में 30 लाख की लागत से बनने वाले अटल परिसर का वर्चुअल भूमिपूजन किया, वहीं विधायक आशाराम नेताम व वार्ड पार्षद जयंत अटभैया व अन्य शामिल हुए।

आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता भरत मटियारा, हलधर साहू, दिनेश रजक, अलबेलापारा पार्षद उगेश्वरी उइके, उदय नगर पार्षद विजय लक्ष्मी कौशिक, सुभाष वार्ड पार्षद मीना उके, शांति नगर पार्षद रमशीला साहू, अघन नगर पार्षद जागेश्वरी साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष रामचरण कोर्राम, अरूण कौशिक, योगेश साहू, धनेश यादव, भरतलाल साहू के अलावा सब इंजीनियर राहुल थवानी, संजय सिंह चौहान, महेंद्र श्याम कार्तिक, वीरेंद्र लोन्हारे, गौरव साहू व वार्डवासी उपस्थित रहे।

### अटल बिहारी बाजपेयी का मार्गदर्शन

सुशासन दिवस पर वंदे मातरम स्थल जवाहर वार्ड में आयोजित कार्यक्रम में विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि छत्तीसगढ़ का वास्तविक विकास पृथक छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना होने के बाद हुआ और देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी के बताए मार्ग पर चलकर साय सरकार प्रदेशवासियों की प्रगति और समृद्धि के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासी आज जिस तरह से विकास की ओर बढ़ रहे हैं, यह देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी की ही देन है। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी ने देश के विकास के लिए स्वर्णिम चतुर्भुज और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना लागू किया, जो कि वास्तव में विकास की मिसाल हैं। इनकी इस योजना से देश का अंतिम गाँव पक्की सड़क से जुड़ गया। जवाहर वार्ड के पार्षद जयंत अटभैया ने कहा कि विधायक आशाराम नेताम के अनुशंसा पर वार्ड में 150 करोड़ रूपएं की राशि मिली थी, वार्ड के लिए गौरव का विषय है। अब 30 लाख की लागत से अटल परिसर बनेगा। जवाहर वार्ड में बनने वाले अटल परिसर शहरवासियों को अटल के विचार व उनकी कविताएं प्रेरित करती रहेंगी।










